हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

06 जलकर पूरा पर पानी गंदा, फूटा जनता का गुस्सा...



09 पार्षद के साथ चल रहे विवाद में श्योपुर नपाध्यक्ष को...






## खबर संक्षेप

### सहोदया सागर की बैठक संपन्न

**सागर।** सहोदया सागर की बैठक जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुई। स्कूल प्राचार्य रजनीश जैन ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने प्राचार्यों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। बैठक के प्रथम सत्र में सहोदया की पूर्व बैठक और आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में सहोदया सागर के नए पदाधिकारियों का चुनाव सर्व सम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें चेयरपर्सन सिस्टर मौली थामस, सचिव डॉ.एसबी सिंह, उपाध्यक्ष रविकांथ वाजपेयजुला, कोषाध्यक्ष डॉ. मंजू कोहली निर्वाचित घोषित की गई। निवृत्त मान सचिव अलका श्रीवास्तव को विदाई दी गई। बैठक में दिलीप पायरा, सुनील उपाध्याय, कोशी जैनब, मनोज सुंदरानी, अंजुला रत्न, वैशाली अग्रवाल, प्रतिभा जैन, नितिन तिवारी, पवन जैन, अनामिका तिवारी, श्रुति पांडे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बण्डा सिंचाई परियोजना के तहत उल्दन में विस्थापन कार्य जारी

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार बण्डा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ग्राम उल्दन में पुलिस बल की मौजूदगी में विस्थापन और पुनर्वास का कार्य पूरी संवेदनशीलता और शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। कलेक्टर ने मैदानी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि विस्थापित होने वाले सभी परिवारों किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्य स्थल पर कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जिसकी निगरानी में राजस्व और पुनर्वास विभाग की संयुक्त टीम विस्थापन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से गति दे रही है।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 18 जुलाई को

**सागर।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर एम. के. शर्मा के मार्गदर्शन में 18 जुलाई रविवार को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में धारा138 एन.आई. एक्ट के अंर्तगत लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। उक्त विशेष लोक अदालत में जिला न्यायालय सागर एवं तहसील न्यायालयां में लंबित धारा 138 एन.आई. एक्ट के अंर्तगत लंबित प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जावेगा। पक्षकारों से अनुरोध है कि 18 जुलाई रविवार को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में आपसी समझौते से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराकर विशेष लोक अदालत को सफल बनाये।

### कलेक्टर के निर्देश पर रिकॉर्ड प्राप्ति के लिए एसओपी, समय-सीमा तय

**सागर।** कलेक्टर पाल के निर्देशानुसार जिले में अभिलेखों / रिकॉर्ड की नकल प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के लिए एसओपी जारी की गई है। इसके तहत लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण के लिए विभिन्न स्तरों पर स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिससे हितग्राहियों को रिकॉर्ड की नकल समय पर उपलब्ध कराई जा सके। जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में अभिलेखों की नकल तैयार करने में विलंब होने से प्राप्त शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आवेदन प्राप्त होने से लेकर नकल तैयार कर संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराने तक की संपूर्ण प्रक्रिया के लिए समय-सीमा तय की गई है। इसके अनुसार लोक सेवा केंद्र से संबंधित शाखा तक आवेदन भेजने की अधिकतम समय-सीमा 24 घंटे निर्धारित की गई है।

संगठन की असली ताकत बूथ का सक्रिय कार्यकर्ता, डिजिटल लर्निंग में सागर ने बनाया प्रदेश में अलग स्थान : श्याम

# डिजिटल लर्निंग केवल परीक्षा नहीं, वैचारिक रूप से सशक्त कार्यकर्ता निर्माण का अभियान है : पाराशर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय मासिक बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय में प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना तथा संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म केवल परीक्षा नहीं, बल्कि आने वाले समय के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को वैचारिक, तकनीकी एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने का अभियान है। भारतीय जनता पार्टी का कार्य नित्यक्रम है और बदलते समय के साथ कार्यकर्ताओं को स्वयं को निरंतर अपडेट रखना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत के निर्माण में आज के युवा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा आधुनिक कार्यशैली के अनुरूप स्वयं को तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्पष्ट मत था कि जो व्यक्ति, समाज अथवा संगठन समयानुकूल नवाचारों को स्वीकार नहीं करता, वह समय के साथ पीछे छूट जाता है। इसलिए भाजपा ने डिजिटल लर्निंग जैसे नवाचार को अपनाकर कार्यकर्ताओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का कार्य किया है।

पाराशर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में पार्टी का राजदूत है। उसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा, आपातकाल, राम मंदिर आंदोलन, कश्मीर सहित संगठन के इतिहास एवं राष्ट्रवादी विचारों की तथ्यात्मक जानकारी होना आवश्यक है, ताकि समाज में उठने वाले प्रत्येक प्रश्न का आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि डिजिटल लर्निंग के वीडियो केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि वैचारिक समृद्धि के लिए बार-बार देखें।

उन्होंने कहा कि संगठनात्मक बैठकों का उद्देश्य केवल उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि आत्ममंथन, समीक्षा और आगामी कार्ययोजना तैयार करना है। मंडल अध्यक्षों एवं प्रभारियों को नियमित रूप से शक्ति केंद्रों एवं बूथों का प्रवास करना चाहिए तथा प्रत्येक कार्यकर्ता से सतत संवाद बनाए रखना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि समय-समय पर मंडल बैठकों का आयोजन कार्यकर्ताओं के निवास पर भी किया जाए, जिससे कार्यकर्ता का सम्मान बढ़े और संगठन समाज के प्रत्येक वर्ग तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचे।प्रदेश मंत्री पाराशर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध, प्रशिक्षित एवं समाज के बीच सक्रिय कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। संगठन की मजबूती ही भविष्य की सफलता का आधार है और प्रत्येक कार्यकर्ता इस दायित्व का महत्वपूर्ण भागीदार है। बैठक के प्रारंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जिले में विगत दिनों सम्पन्न संगठनात्मक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर 6 जुलाई को उनकी 125वीं जयंती तक जिलेभर में बूथ स्तर से जिला स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किए गए। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के 1334 बूथों में से 1275 बूथों पर बलिदान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुए तथा आपातकाल की बरसी पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान किया गया।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री चेतराम अहिरवार ने तथा आभार जिला उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र परिहार ने व्यक्त किया।

## कार्य में लापरवाही पर चार कर्मचारियों को किया प्रभारमुक्त,एक को निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कार्य में लापरवाही एवं प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता पाए जाने पर सख्त रुख अपनाते हुए स्थायी कर्मी राजेंद्र मलैया को निलंबित करने तथा चार कर्मचारियों राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरु, शईदउद्दीन कुरैशी एवं हरेंद्र खटीक को उनके प्रभारों से मुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। निगमायुक्त की इस कार्रवाई को प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जारी आदेशों के अनुसार वाहन प्रभारी हरेंद्र खटीक के स्थान पर कार्यपालन यंत्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपयंत्री आयुष शुक्ला एवं कृष्ण कुमार चैरसिया को सहायक प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही कृष्ण कुमार चैरसिया को मजदूरी शाखा का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग में राजेश सिंह राजपूत के स्थान पर सहायक आयुक्त तबस्सुम खान को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी तथा शशांक रावत को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। आनंद मंगल गुरु से बाजार शाखा सहित सभी प्रभार वापस लेते हुए उक्त दायित्व प्रभारी राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को सौंपे गए हैं।

इसके अतिरिक्त सहायक आयुक्त तबस्सुम खान को जीपी एफ, पेंशन, लोक सूचना अधिकारी एवं एनपीएस शाखा का प्रभार भी दिया गया है। फायर शाखा में शईद उद्दीन कुरैशी के स्थान पर कार्य पालन यंत्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि कृष्ण कुमार चैरसिया एवं आयुष शुक्ला को सहायक फायर अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। निगमायुक्त ने स्वास्थ्य स्थापना शाखा में पदस्थ राजेंद्र सनकत का स्थानांतरण करते हुए उन्हें पंतनगर जोन क्रमांक-8 में सफाई कार्य हेतु पदस्थ किया है। आनंद मंगल गुरु को कारण बताओ नोटिस-निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सहायक स्वच्छता अधिकारी आनंद मंगल गुरु को कर्मचारी संघों की मांगों के निराकरण से संबंधित मामलों में अपेक्षित कार्यवाही न करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में उन्हें एक दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों में लापरवाही, उदासीनता एवं दायित्वों के प्रति असंवेदनशीलता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## विठ्ठलनगर वार्ड से ग्राम भैंसा लिंक रोड का विधायक जैन ने किया औचक निरीक्षण

**सागर।** सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने शुक्रवार को विठ्ठलनगर वार्ड से ग्राम भैंसा तक निर्माणाधीन लिंक रोड का औचक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री, निर्माण प्रक्रिया तथा कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। विधायक जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित सभी तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सड़क का निर्माण ऐसा हो जो लंबे समय तक टिकाऊ रहे और क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराए। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से भी नियमित रूप से निर्माण कार्य की निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। विधायक जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में सागर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

## नवनियुक्त कार्यकारिणी के साथ शहर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में शहर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों की की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अरविंद पंथी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई है। साथियों आज देश में इंसानो के साथ साथ भगवान को भी लूटने वाले सक्रिय हो गए हैं। जैसे रावण को पता नहीं था कि श्री राम भगवान है वैसे ही अंधभक्तो को भी नहीं पता है कि चौकीदार ही चोर है। आप सबको लोगों को जागृत करने की जरूरत है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि सागर में अनुसूचित जाति विभाग पहले से ही बेहद सक्रिय रही है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को लोगों के हक के लिए तैयार रहना है हम सब आपके साथ हैं। जनता को धर्म के नाम पर ठगा जा रहा है। रामराज की बात करने वालों के राज़ में भगवान राम को भी न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है । आप सभी को जनता की आवाज बनकर रहना है।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव ने कहा कि शहर में विकराल समस्याओं को खत्म करने हम सब आपके साथ हैं। अध्यक्ष अरविंद पंथी बधाई के पात्र हैं जो कम समय में अपनी टीम तैयार की । अध्यक्ष अरविंद पंथी ने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं की सहमति से तैयार हुई टीम की आज प्रथम बैठक आयोजित हुई है। हम सभी मिलकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे एवं शहर कांग्रेस के साथ मिलकर अनुसूचित जाति हर गली मुहल्लों में जाकर जनता की आवाज बुलंद करेंगे।

बैठक का संचालन युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी ने किया एवं आभार पवन जाटव ने व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, पार्षद ताहिर खान, शिव शंकर गुड्डू यादव, रिचा सिंह, नीलोफर चमन अंसारी, महेश अहिरवार, अली ताज्जु, राहुल रजक, कन्नू तरुण कोरी, सौरभ वाल्मीकि, श्री राम करोसिया, पंकज बंसल, अभिषेक अहिरवार, अनुज क्रोशिया, राजेंद्र अथिया, पवन बेन, रोहित बंसल, स्वरपंथी, फूलचंद कार्तिक बंसल आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम कर्मचारी संघ ने विधायक शैलेंद्र जैन को सौंपा 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

सागर। नगर पालिक निगम सागर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं एवं 13 सूत्रीय मांगों को लेकर सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव राजेश सिंह ने विधायक जैन को कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 13 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया तथा उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। विधायक जैन ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित स्तर पर आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंत्रालय में मुलाकात कर नगर निगम सागर की वित्तीय स्थिति से अवगत कराया था। उन्होंने कर्मचारियों के वेतन का नियमित एवं समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम को विशेष अनुदान पैकेज उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया था। विधायक जैन ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं नगर निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

## कांग्रेस पार्षदों की बैठक में हड़ताल कर रहे कर्मचारियों को समर्थन देने की रणनीति

**सागर।** नगर निगम में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के बीच वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम में हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की समस्याओं में शामिल होने सभी कांग्रेस जनों व पार्षदों ने सहमति दी। शुक्रवार को 12:00 बजे जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं नगर निगम के पार्षद नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल में शामिल होंगे व संभागीय कमिश्नर को दिए जाने वाले ज्ञापन में शामिल होकर प्रदर्शन में अपनी भागीदारी करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव एवं नगर निगम में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष बाबूसिंह बब्बू यादव ने समस्त कांग्रेस से उक्त हड़ताल में शामिल होने की अपील की है।

सांदीपनी स्कूल में मर्ज हुए 4 स्कूलों के 900 छात्र परेशान, प्राइमरी के छोटे बच्चों के पैर थके

# नौनिहालों के सफर पर भारी अधिकारियों की लापरवाही: नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने सीएम मोहन यादव को लिखा पत्र, मांगी स्कूल बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



शिक्षा विभाग के अधिकारियों की हड़बड़ी और दूरदर्शिता की कमी का खामियाजा आज रहली के सैकड़ों मासूम बच्चों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। विभाग ने बिना आवागमन का पुख्ता इंतजाम किए रहली से 3 से 4 किलोमीटर दूर के चार शासकीय स्कूलों को सांदीपनि स्कूल में मर्ज (संविलियन) तो कर दिया, लेकिन अब करीब 900 छात्र-छात्राएं इस कड़कड़ाती बारिश और कीचड़ के बीच कई किलोमीटर पैदल सफर तय कर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। घोषणाओं और जमीनी हकीकत के बीच का यह फासला अब छोटे-छोटे नौनिहालों के पैरों के छालों में तब्दील होने लगा है।

### घोषणाएं बड़ी, हकीकत सिफर

गौरतलब है कि रहली में सांदीपनि स्कूल की घोषणा के साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों की सुविधा के लिए स्कूल बस उपलब्ध कराने का वादा किया गया था। लेकिन विडंबना देखिए कि स्कूल को आज तक बस नसीब नहीं हुई। ऊपर से तुगलकी फरमान जारी करते हुए शिक्षा विभाग ने नगर के दूर-दराज के क्षेत्रों- खमरिया, पंढ़लपुर, पटनाककरी और मोहार में संचालित शासकीय स्कूलों को इसमें मर्ज कर दिया। अब आलम यह है कि बड़ी क्लास के बच्चे तो जैसे-तैसे पहुंच रहे हैं, लेकिन प्रायमरी स्कूल के छोटे-छोटे मासूम बच्चों को 3 से 5 किलोमीटर का लंबा और पथरीला रास्ता पैदल तय करना पड़ रहा है। इस मानसूनी सीजन में बच्चों को लाने-ले जाने में अभिभावकों का पूरा दिन बर्बाद हो रहा है और वे मानसिक रूप से परेशान हो चुके हैं। नियमतः शिक्षा विभाग को शालाएं मर्ज करने से पहले परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी थी, लेकिन अधिकारियों ने कागजी आंकड़े चमकाने की जल्दबाजी में जमीनी हकीकत को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।

### नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने सीएम को लिखा पत्र

जब इस अव्यवस्था से तंग आकर खमरिया, पटनागंज और मोहार वार्ड के पीड़ित अभिभावक नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी के पास पहुंचे और अपनी आपबीती सुनाई, तो उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मोर्चा संभाला। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने सीधे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है और संदीपनी स्कूल के लिए शीघ्र स्कूल वाहन (बस) उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की है।नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने पत्र में उल्लेख किया हे कि नगरपालिका परिषद रहली के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में रहली नगर के खमरिया, पंढ़लपुर, पटनाककरी, मोहर में संचालित शासकीय विद्यालयों का संविलियन किया गया है। उक्त विद्यालय में आसपास के ग्रामीण व दूर-दराज क्षेत्र के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिन्हें प्रतिदिन आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए सांदीपनि विद्यालय रहली में तत्काल स्कूल वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का कष्ट करें, ताकि देश के भविष्य इन नौनिहालों को इस प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके।

अब देखना यह है कि इस संवेदनशील और जनहित के मुद्दे पर मुख्यमंत्री कार्यालय और जिला प्रशासन कितनी जल्दी संज्ञान लेता है, या फिर अधिकारियों की लापरवाही के कारण ये बच्चे इसी तरह बारिश में भीगते हुए पैदल सफर करने को मजबूर रहेंगे।



## निगमायुक्त ने कटरा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाया, दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बुधवार सुबह शहर की सफाई व्यवस्था एवं यातायात की सुगमता का निरीक्षण करते हुए कटरा बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण पाए जाने पर उन्होंने मौके पर ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करवाई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने देखा कि कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामग्री रखकर आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही है। इस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क पर रखी गई सामग्री को जप्त करने के निर्देश दिए। निगम अमले ने निगमायुक्त की उपस्थिति में सड़क पर फैले सामान को हटाकर मार्ग को व्यवस्थित कराया। इसके अतिरिक्त सड़क किनारे लगाए गए अवैध होर्डिंग, बैनर, बरसाती एवं अन्य अवरोधक सामग्री को भी हटाने की कार्रवाई की गई। निगमायुक्त ने दुकानदारों से कहा कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखें तथा सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण शहर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण होने से नागरिकों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए किसी भी स्थिति में सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न किया जाए । निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

## धरने पर बैठे लोग, मौके पर सीएमओ के आश्वासन के बाद हुआ मामला शांत

# जलकर पूरा पर पानी गंदा, फूटा जनता का गुस्सा, नगर परिषद में की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले की बल्देवगढ़ नगर परिषद की कथित मनमानी और लापरवाहीपूर्ण कार्यप्रणाली के खिलाफ आख़रिकार मंगलवार को नगरवासियों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। स्वच्छ पेयजल के लिए लंबे समय से जूझ रही जनता ने आखिरकार नगर परिषद कार्यालय में तालाबंदी कर धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि नगर परिषद नियमित रूप से जलकर तो वसूल रही है, लेकिन बदले में लोगों को पीने योग्य स्वच्छ पानी तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। हालात यह हैं कि नलों से गंदा और दूषित पानी आ रहा है, जिससे लोगों के सामने स्वास्थ्य संकट भी खड़ा हो गया है।

क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नगरवासी नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर में एक दिन छोड़कर जलापूर्ति की जा रही है और उस दौरान भी नलों से मटमैला एवं गंदा पानी निकल रहा है, जिसका उपयोग पीने के लिए नहीं किया जा सकता। मजबूरन लोगों को पीने के पानी की अलग व्यवस्था करनी पड़ रही है, जिससे परेशानियों के साथ साथ अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना था कि परिषद प्रत्येक घर से प्रतिमाह 115 रुपये जलकर के रूप में वसूल रही है। जब उपभोक्ता समय पर शुल्क जमा कर रहे हैं तो उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर परिषद की जिम्मेदारी है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता गया और अंततः उन्हें तालाबंदी एवं धरने का रास्ता अपनाना पड़ा। धरने के दौरान लोगों ने चेतावनी दी कि यदि नगर परिषद प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं कराती तो वे भविष्य में जलकर का भुगतान नहीं करेंगे और आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे। प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद कार्यालय का कामकाज भी प्रभावित रहा। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ राघवेंद्र शुक्ला मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। नगरवासियों ने उनके समक्ष स्पष्ट कहा कि उन्हें किसी प्रकार का आश्वासन नहीं, बल्कि नियमित और स्वच्छ पेयजल चाहिए। चर्चा के बाद सीएमओ शुक्ला ने तात्कालिक रूप से समस्या के समाधान का आश्वासन दिया और जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार करने पर सहमति जताई। इसके बाद नगरवासियों ने अपना धरना और तालाबंदी समाप्त कर दी। हालांकि नगरवासियों का कहना है कि यदि आश्वासन के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे। उनका स्पष्ट कहना है कि जलकर की वसूली तभी उचित है, जब बदले में लोगों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए। लोगो ने कहा की एक तरफ स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ो की राशि खर्च की जा रही है लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को स्वच्छ पेयजल तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। ऐसे में स्वच्छता अभियान औचित्यहीन सिद्ध हो रहा है। लोगो का कहना है की नगर में पानी की टंकी बना दी गईं, पाइप लाईन डाली गईं जिसमें जबरदस्त भ्रष्टाचार किया गया। इसी के चलते गंदा पानी नलों में आ रहा है। अगर यही कार्य ईमानदारी से किया गया होता तो लोगो को स्वच्छ पेयजल तो मिलता। फिलहाल बल्देवगढ़ में पेयजल संकट और नगर परिषद की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में गहरा असंतोष बना हुआ है।

## महीनों से अधूरा पड़ा अंडरग्राउंड नाला निर्माण

# बारिश में खुला चैंबर बना हादसे का सबब, बाइक समेत गिरा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर के वार्ड क्रमांक 18 में सुभाष पुरम कॉलोनी में चल रहे अंडरग्राउंड नाला निर्माणकार्य के दौरान खुले छोड़े गए चैंबर में बारिश का पानी भर जाने से एक युवक अपनी बाइक सहित उसमें जा गिरा। गनीमत यह रही कि आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि बाइक पूरी तरह पानी से भरे चैंबर में डूब गई, जिसे बाद में नगर पालिका ने जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकलवाया।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 18 में जल निकासी व्यवस्था सुधारने के लिए नगर पालिका के द्वारा अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने का कार्य करीब तीन माह पहले शुरू किया गया था। निर्माण कार्य बारिश शुरू होने से पहले पूरा किया जाना था, लेकिन समय पर काम पूरा नहीं होने से सड़क पर जगह-जगह खुले चैंबर छोड़ दिए गए। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पर पानी भर गया, जिससे खुले गड्ढे दिखाई देना बंद हो गए और यही लापरवाही हादसे की वजह बन गई। स्थानीय वार्डवासियो ने बताया कि पूरी सड़क पर बारिश का पानी भरा होने से खुले चैंबर नजर नहीं आते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि नगर पालिका ने समय पर निर्माण कार्य पूरा कर लिया होता तो इस तरह की दुर्घटना नहीं होती। स्थानीय लोगों ने बताया कि अधूरे निर्माण कार्य के कारण पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो चुकी है। दोपहिया वाहन तो दूर, पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और इंजीनियर निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण नहीं करते, जिसके कारण ठेकेदार मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखी गई। नागरिकों ने मांग की है कि खुले चैंबरों को तत्काल सुरक्षित किया जाए, निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए।

दवा व्यापारी को बनाया निशाना, 10 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार

# पलक झपकते ही कार से उड़ाया बैग शातिर चोर की करतूत सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के पलेरा कस्बे में गुरुवार को दिनदहाड़े एक शातिर चोर ने कुछ ही सेकंड में कार से बैग चोरी कर पुलिस और लोगों को चौंका दिया। सड़क किनारे खड़ी कार की खिड़की का शीशा खुला देखकर आरोपी ने मौके का फायदा उठाया और अंदर रखा बैग निकालकर फरार हो गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान और तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ निवासी दवा व्यापारी कृष्ण पाल विश्वकर्मा व्यापारिक कार्य से पलेरा आए थे। उन्होंने छोटा बस स्टैंड के पास स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर के सामने अपनी कार खड़ी की और कुछ देर के लिए दुकान के अंदर चले गए। इसी दौरान एक युवक कार के आसपास संदिग्ध रूप से घूमता रहा और पहले उसने आसपास का जायजा लिया। जब उसे यकीन हो गया कि कोई उसे नहीं देख रहा है, तब उसने कार की खुली खिड़की से हाथ डालकर अंदर रखा बैग निकाल लिया और मौके से फरार हो गया।

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पूरी गतिविधि स्पष्ट दिखाई दे रही है। फुटेज से पता चलता है कि आरोपी ने चोरी से पहले पूरी सतर्कता के साथ रैकी की और फिर बेहद तेजी से वारदात को अंजाम देकर वहां से निकल गया। उसकी यह हरकत कुछ ही सेकंड में पूरी हो गई। पीड़ित व्यापारी कृष्ण पाल विश्वकर्मा ने पलेरा थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि चोरी हुए बैग में लगभग 10 हजार रुपये नकद, व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे, जिनके चोरी होने से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ व्यावसायिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद पलेरा थाना पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस चोरी ने एक बार फिर बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि वाहन खड़ा करते समय खिड़कियां पूरी तरह बंद रखें तथा नकदी और कीमती सामान वाहन के अंदर खुला छोड़ने से बचें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

अपहरण के मामले में हुई कार्रवाई, दूल्हे के परिजनों ने बताया खुद को ठगी का शिकार

# 20 दिन की दुल्हन निकली नाबालिग, यूपी पुलिस ले गई दूल्हा-दुल्हन को साथ अमेठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के बंधा गांव में हुई एक शादी महज 20 दिन बाद विवादों में घिर गई। बुधवार सुबह उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले की पुलिस नवविवाहित दूल्हा और दुल्हन को अपने साथ ले गई। पुलिस का दावा है कि दुल्हन नाबालिग है और उसके अपहरण का मामला उत्तर प्रदेश में पहले से दर्ज है। वहीं दूल्हे के परिजनों का कहना है कि वे शादी कराने वाले दलालों के झांसे में आकर धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। बंधा गांव निवासी राजेश शुक्ला ने बताया कि उनके छोटे भाई नीतेश शुक्ला का विवाह 19 जून को अछरू माता मंदिर में संपन्न हुआ था। यह रिश्ता बम्हौरी बराना निवासी रामकुमार नायक, बब्लू बिदुआ और संतोष चौबे नामक कथित दलालों के माध्यम से तय कराया गया था। परिजनों के अनुसार दलालों ने बताया था कि लड़की प्रयागराज नैनी क्षेत्र की रहने वाली है तथा उसके माता-पिता नहीं हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में विवाह योग्य लड़कियों की कमी का फायदा उठाकर दलालों ने परिवार को भरोसे में ले लिया और शादी करा दी। परिजनों के मुताबिक बुधवार सुबह करीब पांच बजे उत्तर प्रदेश नंबर की एक गाड़ी गांव पहुंची। उसमें सवार पुलिसकर्मी दूल्हा और दुल्हन को अपने साथ ले गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से परिवार घबरा गया। उनका कहना है कि स्थानीय बंधा पुलिस चौकी को भी इसकी जानकारी नहीं थी। परिजनों ने पहले चौकी में शिकायत की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आशंका जताई कि यदि कार्रवाई वास्तविक पुलिस द्वारा नहीं की गई होती तो यह अपहरण जैसी बड़ी घटना भी हो सकती थी। बाद में मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे ने पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जांच में पता चला है कि जिस लड़की की शादी कराई गई थी, वह नाबालिग है। उसके लापता होने पर उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के रामगंज थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। इसी प्रकरण में अमेठी पुलिस विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए टीकमगढ़ पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के तहत दोनों को अपने साथ ले गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शादी के नाम पर सक्रिय कथित दलालों के नेटवर्क की गहन जांच होना आवश्यक है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस मामले में किस स्तर पर धोखाधड़ी हुई और क्या अन्य परिवार भी ऐसे गिरोह के शिकार बने हैं। फिलहाल मामले की जांच उत्तर प्रदेश पुलिस कर रही है और आगे की कार्रवाई उसी के आधार पर की जाएगी।

## अपराधियों पर एसपी का बड़ा प्रहार, 15 शस्त्र लाइसेंस निरस्त

# हथियारों के दुरुपयोग पर कसी लगाम, 16 प्रकरण कलेक्टर को भेजे गए, सख्त कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपराधियों के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आपराधिक एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। अभियान के तहत अब तक 16 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने संबंधी प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजे गए, जिनमें से 15 लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। शेष एक प्रकरण में वैधानिक प्रक्रिया जारी है।

पुलिस का मानना है कि अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के पास लाइसेंसी हथियार बने रहना कानून-व्यवस्था के लिए खतरा साबित हो सकता है। इसी को देखते हुए ऐसे लोगों से हथियार रखने का अधिकार वापस लेने की कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। निरस्त किए गए सभी लाइसेंसी हथियार संबंधित थाना क्षेत्रों में जमा कराए जा रहे हैं, जिससे उनके दुरुपयोग की संभावना पूरी तरह समाप्त हो सके। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की पहचान करें, जो किसी भी प्रकार की आपराधिक, असामाजिक या अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हों। ऐसे मामलों में तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार प्रतिवेदन तैयार कर शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए प्रस्तुत किया जाए। एसपी मंडलोई ने स्पष्ट कहा कि अपराधियों के खिलाफ केवल आपराधिक प्रकरण दर्ज करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके पास उपलब्ध वैधानिक सुविधाओं का दुरुपयोग रोकना भी पुलिस की जिम्मेदारी है।

# समस्याग्रस्त खरीदी व्यवस्था के चलते किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

खरीफ सीजन में मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान किसानों को आ रही परेशानियों को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम दिगोड़ा तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में किसानों के हित से जुड़े चार प्रमुख मुद्दों को उठाते हुए सरकार से शीघ्र आवश्यक निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। भारतीय किसान संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में प्रदेश के महाकौशल एवं बुंदेलखंड सहित कई क्षेत्रों के किसान समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द बेचने के लिए परेशान हैं। शासन द्वारा खरीदी की जो व्यवस्था बनाई गई है, उसमें कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। संघ ने ज्ञापन में बताया कि शासन द्वारा प्रति एकड़ मूंग खरीदी की सीमा मात्र 1.25 क्विंटल निर्धारित की गई है,

### मूंग-उड़द खरीदी में किसान समस्याओं को लेकर संघ ने दिया ज्ञापन




जबकि वास्तविक उत्पादन औसतन 4 से 5 क्विंटल प्रति एकड़ तक होता है। ऐसी स्थिति में किसान अपनी पूरी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रहे हैं। किसान संघ ने खरीदी सीमा बढ़ाकर कम से कम 5 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई खरीदी केंद्र किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर नहीं बनाए गए हैं, जिससे दूर-दराज के किसानों को उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने किसानों की सुविधा एवं पहुंच के अनुसार खरीदी केंद्र निर्धारित करने की मांग उठाई है। भारतीय किसान संघ ने यह मुद्दा भी उठाया कि अनेक किसानों का गिरदावरी अथवा पंजीयन नहीं हो पाने के कारण वे समर्थन मूल्य पर उपज बेचने से वंचित रह रहे हैं। ऐसे किसानों के लिए अलग से पंजीयन की तिथि निर्धारित कर उन्हें भी खरीदी प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की गई है। इसके अलावा ज्ञापन में किसानों की मूंग एवं उड़द की शत-प्रतिशत उपज समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने की मांग करते हुए कहा गया कि इससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा और उन्हें बाजार में कम दाम पर फसल बेचने की मजबूरी नहीं होगी। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं पर तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि प्रदेश के किसानों को समर्थन मूल्य योजना का पूरा लाभ मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक हानि का सामना न करना पड़े।

## सामने ही मछली को इंजेक्ट कर देखी गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उत्पादन प्रक्रिया

# मछुआरों की आजीविका के लिए कलेक्टर की संवेदनशील पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के मछुआरों की आजीविका को सशक्त बनाने और तालाबों में गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मंगलवार को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र महेंद्रबाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्य बीज उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को न केवल बारीकी से समझा, बल्कि अपने समक्ष ही मछली को हार्मोन इंजेक्शन लगाकर कराई जा रही ब्रीडिंग प्रक्रिया भी देखी। महेंद्रबाग मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण करते हुये मत्स्य विभाग अधिकारियों से तकनीकी जानकारी लेकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उत्पादन पर जोर दिया। साथ ही निजी मत्स्य पालन को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्पादन की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा भी मौजूद रहीं। सहायक संचालक मत्स्य विभाग मेघा गुप्ता ने बताया कि वर्षाकाल में जलाशयों और तालाबों में पर्याप्त जलभराव होने के बाद अगस्त माह से जिले के लगभग 900 तालाबों में मत्स्य बीज संचयन का कार्य शुरू किया जाता है। इसके लिए धजरई, बल्देवगढ़ और सिमरा स्थित शासकीय मत्स्य प्रक्षेत्रों से मत्स्य बीज की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्नत किस्म के मेजर कार्प प्रजाति के कतला, रोहु और मृगल मत्स्य बीज का उत्पादन प्रारंभ कर दिया गया है, जिसमें कतला प्रजाति का उत्पादन सर्वाधिक किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मत्स्य निरीक्षक पंकज मौर्य ने कलेक्टर श्रोत्रिय के समक्ष ही मछली को इंजेक्शन लगाकर कृत्रिम प्रजनन ब्रीडिंग की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तकनीक से तैयार किया गया गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज तालाबों में बेहतर उत्पादन और मछुआरों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मत्स्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी तालाबों के लिए समय पर पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही निजी क्षेत्र के मत्स्य कृषकों को भी मत्स्य बीज उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि जिले में मत्स्य उत्पादन को नई गति मिल सके। उन्होंने धजरई में विकसित किए जा रहे मत्स्य क्लस्टर में विभाग की एक प्रदर्शन इकाई स्थापित करने के भी निर्देश दिए, जिससे मत्स्य पालक और आम नागरिक आधुनिक तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर प्रेरित हो सकें। कलेक्टर श्रोत्रिय की इस पहल को जिले के मछुआरा समुदाय के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज की उपलब्धता से न केवल मत्स्य उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि हजारों मछुआरा परिवारों की आजीविका भी अधिक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बन सकेगी।

# कसाई मंडी में हवाई फायरिंग से दहशत युवक को जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के कसाई मंडी मोहल्ले में मंगलवार रात एक युवक द्वारा कथित रूप से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने और एक परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कसाई मंडी निवासी फैजल पुत्र आबाद ने बताया कि मंगलवार को उनके ही मोहल्ले का रहने वाला मोहसिन उर्फ मनिया पुत्र सलीम पहली बार उनके घर के बाहर पहुंचा और परिजनों से उनके बारे में पूछताछ करने लगा। इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया और वहां से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी दोबारा उनके घर के बाहर आया और फिर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद भी उसका आक्रामक रवैया नहीं थमा। तहरीर के मुताबिक रात करीब 9.30 बजे आरोपी तीसरी बार फैजल के घर के सामने पहुंचा। इस दौरान उसने फिर से गाली-गलौज की और कथित रूप से दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवा में फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना के तुरंत बाद डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई। फैजल ने बताया कि घटना स्थल से मिला कारतूस का खोखा अपने साथ लेकर वह कोतवाली पहुंचा और लिखित शिकायत दी।

फैसला आने के बाद भी अपील के कई अवसर होने से रिलेक्स महसूस कर रही नपाध्यक्ष

# पार्षद के साथ चल रहे विवाद में श्योपुर नपाध्यक्ष को राहत मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रेनू सुजीत गर्ग के नपाध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली पार्षद सुमेर सिंह की याचिका पर फैसले का ऊंट किस करवट बैठेगा भले ही इसके कयास दोनों और से लगाए जा रहे हैं लेकिन कानून के जानकार इस मामले में नपाध्यक्ष को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जता रहे हैं। ज्ञात हो कि वार्ड नं 11 के पार्षद सुमेर सिंह ने नपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए अपनाई गई निर्वाचन प्रक्रिया को त्रुटिहीन बताते हुए याचिका लगाई थी जिसे जिला न्यायालय में पहली दृष्टि में सुनने योग्य न मानते हुए खारिज कर दिया था। जिसकी अपील पार्षद सुमेर सिंह ने हाई कोर्ट ग्वालियर खंडपीठ में की थी हाई कोर्ट के निर्देश पर अब श्योपुर जिला न्यायालय में सुनवाई शुरू हुई है लेकिन करीब 1 साल इस प्रक्रिया में ही बीत जाने के बाद केस अब सुनवाई पटल पर आया हैं तो उसमें कितना समय और लगेगा तथा फैसला क्या आएगा फिलहाल कयास ही लगाए जा रहे हैं। लेकिन फैसला जल्द आने की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है।

नपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान चार पार्षदों ने अपनी सहमति से खुद का वोट अपनी उपस्थिति में किसी और से डलवाने का फॉर्म भरा था यह काम विधिवत प्रक्रिया के तहत किया गया था रिटर्निंग ऑफिसर को उक्त आवेदन भरने पर फार्म में सुझाए गए नाम के अनुरूप वोट डलवाने की बाध्यता थी जिसके चलते वोट पार्षदों की और से डाले गए करीब ढाई साल बीतने के बाद वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद सुमेर सिंह ने उक्त टेंडर वोट को डाले जाने पर आपत्ति जताते हुए याचिका दायर कर दी थी हालांकि प्रशासन की ओर से इस मामले में पूर्व में की अपना रुख (अदालत में केस जाने से पहले) स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने यह वोट पार्षदों के अनुरोध पर उनके फार्म भरने पर डलवाया था लेकिन इस मामले में अदालत इस बात की पुष्टि करेगी कि डाले गए वोट वास्तविक प्रक्रिया से गुजरकर डाले गए हैं या फिर इसमें त्रुटि हुई है जो भी हो इस मामले में एक साल बीत जाने के बाद मामला सुनवाई तक पहुंचा है, इससे लग नहीं रहा कि रेनू सुजीत गर्ग का कार्यकाल पूरा होने से पहले मामले में कोई फैसला आएगा।




### सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था मामला

इस मामले में पेंच तब आ गया जब अदालत में सुमेर सिंह की याचिका पर सुनवाई से पहले ही परिषद के गठन का गजट नोटिफिकेशन मांग लिया तब यह बात सामने निकल कर आई की जिला प्रशासन ने परिषद गठन का गजट नोटिफिकेशन ही नहीं करया था हालांकि गजट नोटिफिकेशन कराने की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की थी उसे रिटर्निंग ऑफिसर की हैसियत से गजट नोटिफिकेशन कराना था। बाद में इस मामले में प्रदेश की तीन दर्जन के करीब नगर निकाय संस्थाओ में भी गजट नोटिफिकेशन नहीं होने की जानकारी भी अघोषित रूप से सामने आने लगी इस मामले में अदालत ने नपाध्यक्ष के साथ कलेक्टर और शासन को भी पार्टी बना लिया कई बार तलबी के बाद भी जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर अदालत ने नपा अध्यक्ष के पावर शिथिल कर दिए थे जो करीब सात माह तक शिथिल रहे लेकिन बाद में नपा अध्यक्ष के वकील द्वारा दी गई दलीलों से संतुष्ट होकर अदालत ने अध्यक्ष को काम करने की इजाजत दे दी साथ ही श्योपुर जिला न्यायालय को पार्षद सुमेर सिंह के आवेदन पर सुनवाई करने के निर्देश भी दिए इसके बाद अदालत में अब सुनवाई के लिए पार्षद सुमेर सिंह ने नए सिरे से आवेदन लगाया है।

### इनका कहना है...

अभी मामला अदालत में आया है अदालत अभी आवेदनों पर ही विचार कर रही है साक्ष्य मांगे जाने या ऐसे निर्देश अदालत की तरफ से दिए जाने जैसी बातें भ्रामक और असत्य है फैसला प्राइमरी स्टेज पर है बहस तब होगी जब साक्षय एकत्रित हो जाएंगे। यह कहना जल्दबाजी होगा कि फैसला जल्द आएगा लेकिन हम पूरा प्रयास करेंगे की फैसला जल्द आए इसके लिए हमारा मुव्किल अदालत को पूर्ण सहयोग कर रहा हैं। केस की स्टडी करने पर हमें पूरी उम्मीद है कि फैसला हमारे पक्ष में आएगा।

**एड ओपी गुप्ता**
**नपाध्यक्ष के वकील**

आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग

# बस स्टैंड पर हुई मारपीट के खिलाफ बोहरा समुदाय के साथ सर्व समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार को शहर के एकीकृत बस स्टैंड एक 75 वर्षीय बुजुर्ग एवं उसके बेटे पर आधा दर्जन के करीब लोगो ने एक राय होकर लाठी डंडो से मारपीट कर दी। इस मामले को लेकर गुरूवार की दोपहर को दाऊदी बोहरा समुदाय के साथ-साथ सर्व समाज की ओर से भी एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सोपा गया जिसमें शहर में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने बुजुर्ग को और बेटे के साथ मारपीट करने वालों का चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

दाऊदी बोहरा समुदाय एवं सर्व समाज की ओर से अलग-अलग दिए ज्ञापन में शहर में गुंडे बदमाशों के बड़े हुए हौसलों को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन देने पहुंचे नेताओं ने भी एसपी से उक्त असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण,पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा नेता राम लखन नापाखेड़ली,बिहारी सिंह सोलंकी, राजबहादुर मारू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता सामाजिक कार्यकर्ता बोहरा समुदाय के लोग शामिल रहे।



### कोतवाली पुलिस ने पांच पर दर्ज किया केस

बस स्टैंड पर पिता पुत्र पर लाठी डंडो से की गई मारपीट के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस मामले में बुधवार के रोज ही मोहम्मद सज्जाद हुसैन 75 वर्ष निवासी बोहरा बाजार श्योपुर की रिपोर्ट पर महबूब, फैजान, तालिब, मुजीब, अब्बास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।


सुविधा के बजाए खाद वितरण में असुविधा बनी ई-कूपन से व्यवस्था

# किसानों का आरोप ऑनलाइन नहीं दिख रही सोसाइटी, अफसर बोले व्यवस्था चाक चौबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

खाद वितरण के लिए ई-कूपन पैटर्न व्यवस्था के तहत किसानों को कई खाद वितरण केंद्र ऑनलाइन खुले नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिसके चलते किसान अधिकारियों से शिकवे शिकायत भी कर रहे हैं। उधर अफसरों का कहना है कि खाद वितरण व्यवस्था की इस नई प्रणाली में कोई गड़बड़ी नहीं है। कुछ किसान नई व्यवस्था को समझ नहीं पा रहे हैं इससे विचलित हो जाते हैं लेकिन उन्हें समझा भी दिया जाता हैं।अफसर इस प्रणाली को किसान हितेषी बता रहे हैं वही किसान इस व्यवस्था से खुद को परेशान करने वाली बताने से नहीं चूक रहे हैं।

खाद के लिए किसानों को घंटों लाइन में लगकर इंतजार न करना पड़े। कोई किसान वितरण केंद्र से खाद लिए बगैर न लोटे इस उद्देश्य से सरकार ने खाद वितरण व्यवस्था में ई-कूपन प्रणाली का नवाचार किया है ई-कूपन व्यवस्था में किसान अपने समिति पर खाद है या नहीं और है तो कितनी मात्रा में है उसका स्टॉक भी उसे साफ दिखाई पड़ जाएगा साथ ही पंजीयन होने के बाद संबंधित किसान को खाद उठाव का समय भी मिल जाएगा और नियत समय पर किसान वितरण केंद्र पर पहुंचकर खाद का उठाव आसानी से कर लेगा। यह व्यवस्था देखने में तो बेहद सुहानी लगती है लेकिन किसानों के लिए अपने मोबाइल से ऑनलाइन कूपन भरने जैसा काम टेड़ी खीर ही साबित हो रहा है जिससे आए दिन किसान सुविधा के बजाए परेशानी महसूस कर रहे हैं। ऐसा ही मामला विजयपुर में गुरुवार को देखने को मिला यहां किसानों को ऑनलाइन ई-कूपन व्यवस्था में अपनी सोसाइटी पर खाद का स्टॉक ही उपलब्ध नहीं दिखा। हालांकि विभाग ने किसानों के इस आरोप को सिरे से ख़ारिज कर दिया लेकिन किसान भी अपने आरोप पर अडिग रहे।




### जिले में सिर्फ वीरपुर में दिखा खाद

ऑनलाइन खाद वितरण व्यवस्था में एक कूपन काटते समय जिले के सभी खाद्य वितरण केंद्र बंद दिखाएं पड़े लेकिन वीरपुर का खाद वितरण केंद्र जरूर खुला दिखाई पड़ा किसानो का कहना है कि उन्होंने संबंध में अफसरों से भी पूंछा तो उन्होंने बता दिया कि अभी संबंधित सोसाइटी पर खाद का स्टॉक नहीं होगा इसलिए खाद के लिए ई-कूपन काटने का ऑप्शन खुला नहीं आ रहा होगा।

### इनका कहना..

मेरा पंजीयन विजयपुर की सोसाइटी पर हैं मैं ऑनलाइन ई-कूपन लेने के लिए पोर्टल खोला था लेकिन मुझे विजयपुर में मेरी समिति पर खाद के लिए ई-कूपन काटने का ऑप्शन ही नहीं दिखा सिर्फ वीरपुर का ऑप्शन खुला हुआ था वहां भी मैंने फोन लगाकर पूछ तो उन्होंने बताया कि आपके यहां खाद का स्टॉक नहीं होगा इसलिए नहीं दिख रहा है।

**प्रबल प्रताप सिंह जादौन**
**किसान काठोन विजयपुर**

ऐसा हो नहीं सकता कि ऑप्शन ना दिखे, हो सकता हैं किसान गलत सोसाइटी पर क्लिक कर रहा हो। खाद की जिले में कोई कमी नहीं है हर खाद वितरण केंद्र पर खाद है पर्याप्त मात्रा में मौजूद है किसानों को खाद के लिए बिल्कुल भी परेशान नहीं होना पड़ रहा है कभी-कभी सरवर की समस्या आ जाती है

**सतेंद्र सिंह**
**जिला विपणन अधिकारी श्योपुर**

# स्थापना दिवस पर अभाविप ने आयोजित किया छात्र युवा उद्घोष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की श्योपुर नगर ईकाई द्वारा गुरूवार को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस और स्थापना दिवस पर छात्र युवा उद्घोष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे प्रांत फार्माविजन के संयोजक सौरभ गुर्जर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन ने 1949 से देश के छात्रों के विकाश के लिए कार्य किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी स्थापना के साथही छात्रों के अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करने वाला पहला छात्र संगठन है। इस मौके पर जिला संयोजक गणेश शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर इकाई अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, नगर मंत्री विष्णु बाल्मिक, प्रांत कार्यकारणी सदस्य मीनाक्षी जाटव आदि मंचासीन थे। जबकि कार्यक्रम का संचालन धुव्र गर्ग ने किया। इस अवसर पर विभू शर्मा, अभिषेक सिकरवार, राकेश जाट,उदय शर्मा, हंसराज गुर्जर, जतिन जाट, गौरव शर्मा , होतम जाट,मनीष प्रजापति, नूपुर श्रीवास्तव, कल्पना, रेशमा जाटव, गोविंद गुर्जर,कविता, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नरेंद्र,राजेंद्र और जैन का अधिवक्ताओ ने किया स्वागत

श्योपुर। युवा अभिभाषक नरेंद्र सिंह मावई को जिला न्यायलय में लोक अभियोजक एवं गजेंद्र कुमार बैरवा और नकुल जैन को अतिरिक्त लोक अभियोजक बनाए जाने पर साथी अभिभाषकों ने बधाई देते हुए उनका स्वागत किया है। मध्य प्रदेश शासन विधि और विधायी कार्य विभाग लोक अभियोजक और अतिरिक्त लोक अभियोजक की नियुक्ति कर दी है जिसमें श्योपुर जिला न्यायालय में तीन युवा अभिभाषकों की नियुक्ति पर गुरुवार को साथी अभिभाषकों ने उनका माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया।



# सौभाग्यपुरा में महिला की संदिग्ध मौत मायके पक्ष का आरोप जहर देकर मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सौभाग्यपुरा में गुरूवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। इसके बाद ससुरालीजन महिला का अंतिम संस्कार करने की तैयारी करने लग गए। इसी दौरान मायके पक्ष के लोगो ने डायल 112 पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगा दिया कि महिला रामसिया को उसके ससुरालियों ने जहर देकर मार दिया। इस सूचना पर मानपुर थाना पुलिस तत्काल मृतिका के घर पहुंच गई और महिला के शव को घर से उठाकर जिला अस्पताल ले आई,जहां उसका पीएम कराए जाने के बाद उसका शव परिजनों को सौंपा। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस के मुताबिक ग्राम सौभाग्यपुरा निवासी रामसिया बंजारा 38 वर्ष की गुरूवार की दोपहर को अचानक तबीयत बिगड गई। इसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए,जहां उसे डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ससुरालीजन महिला को वापस अपने गांव ले गए और उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी शुरू कर दी। इसी दौरान महिला के मायके पक्ष के लोगो ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दे दी कि रामसिया को जहर देकर मार दिया है।

### पुलिस ने घर से उठाया शव, जिला अस्पताल में लाकर कराया पीएम

मायके पक्ष के लोगो की शिकायत के बाद गंभीर हुई मानपुर थाना पुलिस तत्काल सौभाग्यपुरा गांव में पहुंची। जहां मृतिका रामसियां बाई के ससुरालीजन उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे, इस दौरान पुलिस ने अंतिम संस्कार की तैयारी को रूकवाकर मृतिका के शव को उठाकर पीएम कराने के लिए जिला अस्पताल ले आई। जहां महिला के शव का पीएम कराया गया और फिर ससुरालीजनो को शव सौंपकर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट और जांच के दौरान जो स्थिति सामने आएगी,उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल वाहनों की चेकिंग के लिए यातायात पुलिस ने छेड़ा अभियान

# नियम तोड रहे 15 स्कूल वाहन ट्रैफिक पुलिस ने पकड़े, 22 हजार 600 रुपए का ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नियम तोडकर स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड कर रहे 15 स्कूल वाहनों को ट्रैफिक थाना पुलिस ने बुधवार को चैकिंग के दौरान पकड लिया और उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 22 हजार 600 रूपए की राशि बतौर जुर्माना वसूली है। इस दौरान ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने सभी स्कूल वाहन संचालको को कडे शब्दों में चेता दिया कि नियम तोडने वाले किसी भी स्कूल वाहन को संचालित होने नहीं दिया जाएगा।

ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेश और पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में 8 जुलाई से 17 जुलाई तक स्कूल वाहनों की चैकिंग के लिए एक विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के दौरान स्कूल वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी गई है। ताकि स्कूली बच्चो के साथ किसी तरह की कोई अनहोनी न हो पाए। इस अभियान के तहत गुरूवार को यातायात थाने की पुलिस टीम के साथ 24 स्कूल वाहनो को रोककर चैक किया गया। इस दौनान 24 में से 15 स्कूल वाहन नियम तोडते हुए संचालित होते पाए गए। 06 स्कूल वाहनों में जहां क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे बैठे थे, एक स्कूल वाहन के पास फिटनेस नहीं थी, 3 स्कूल वाहनों में अग्निशमन यंत्र नहीं थे। 1 वाहन में प्राथमिक उपचार किट तथा एक स्कूल वाहन के पास परमिट नहीं था।इसलिए सभी 15 स्कूल वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए उनसे 22 हजार 600 रूपए की राशि वसूली गई। साथ ही स्कूल वाहन संचालकों को बिना बीमा,फिटनेस, परमिट,लाइसेंस आदि दस्तावेजो व ओवरलोड बच्चे बिठाकर वाहन न चलाने तथा अग्निशमक यंत्र ,मेडिकल किट बॉक्स, स्पीड गवर्नर आदि कमियों की पूर्ति जल्द करने की हिदायत दी गई।



## पेसा एक्ट के तहत ग्रामसभा में मादक पदार्थो के सेवन पर प्रतिबंध का प्रस्ताव पारित

श्योपुर। जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत कलमी ककरधा की ग्राम सभा में पेसा कानून (पंचायत उपबंध - अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम) के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए ग्रामीणों के स्वास्थ्य, सुरक्षा ,शिक्षा में ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष रूप से कार्य करने और उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से गाँव की सीमा के भीतर शराब (देशी व विदेशी) और गुटखा के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। ग्राम सभा अध्यक्ष कैलाश आदिवासी की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष ग्राम सभा में जिले से पेसा जिला समन्वयक (डीसी) रामगोपाल उमरैया ब्लाक समन्वयक मुकेश सेमरिया एवं स्कूल - शिक्षक, शिक्षिका,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा ए.एन.एम एवं समूह की दीदी और गाँव की महिलाओं एवं बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। बैठक में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई कि शराब और गुटखे के सेवन से जहां लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड रहा है, वही आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार गाँव के किसी भी घर में महिला अथवा पुरुष यदि शराब या गुटखा का सेवन करते हुए पाया जाता है तो 1 हजार से 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। बाहर से शराब पीकर आने वाले लोगों को पुलिस के हवाले किया जाएगा। निगरानी के लिए बनी नशामुक्ति समिति इस निर्णय को कड़ाई से लागू करने के लिए ग्राम सभा ने गाँव के युवाओं और महिलाओं की एक विशेष नशामुक्ति निगरानी समिति का गठन किया है। यह समिति गाँव में गश्त करेगी और अवैध रूप से नशा शराब बेचने वालों की सूचना सीधे ग्राम पंचायत और स्थानीय पुलिस प्रशासन को देगी।

छात्रावासों की नहीं सुधर रही व्यवस्थाएं, जिपं सीईओ के निर्देश साबित हो रहे बेअसर

# श्योपुर में ओबीसी छात्रावास की अव्यवस्थाओं से बच्चे परेशान पाटौंदा छात्रावास की बालिकाएं प्रतिदिन घर जाने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भलेही जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद छात्रावासों के संचालन किसी भी तरह लापरवाही न किए जाने और इसकी शिकायत मिलने पर अधीक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दे रही हो,लेकिन इसके बाद भी जिले में संचालित छात्रावासों की व्यवस्थाओं में कोई खास सुधार होता नहीं दिख रहा है। यह हम नहीं कह रहे,बल्कि इसकी बानगी के तौर पर श्योपुर जिला मुख्यालय स्थित ओबीसी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास और कराहल क्षेत्र के ग्राम पाटौदा स्थित बालिका आश्रम छात्रावास को देखा जा सकता है।

क्योंकि श्योपुर जिला मुख्यालय के ओबीसी छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थी जहां छात्रावास की अव्यवस्थाओं के कारण परेशान हो रहे है। वहीं पाटौदा छात्रावास में पढने के लिए रहने वाली आसपास के कुछ गांवों की बालिकाएं छात्रावास में रूकने के बजाए प्रतिदिन यात्री बस से शाम को अपने घर और सुबह घर से छात्रावास आने को विवश हो रही है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा भी की गई है। विशेष बात यह है कि छात्रावासों की निगरानी के लिए विभागीय अफसर भी तैनात है। लेकिन यह तैनात अफसर छात्रावासों की निगरानी किस तरह कर रहे है,इसको लेकर भी कई तरह के सवाल खडे हो रहे है।

इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ सौंम्या आनंद का कहना है कि यदि इस तरह की स्थितियां है तो इसकी जांच करवाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### छात्रावास में रुकने की व्यवस्थाएं तो फिर बालिकाओं को क्यों भेजा रहा घर

कराहल विकासखंड स्थित शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम शाला पटौंदा की छात्रावास व्यवस्था पर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जब छात्रावास में बालिकाओ के रूकने की व्यवस्था है और इसके लिए शासन की ओर से पर्याप्त बजट भी दिया जा रहा है,इसके बाद भी अधीक्षक के द्वारा बालिकाओ को छात्रावास में रोकने के बजाए उन्हें प्रतिदिन बस से उनके घरों पर क्यों भेजा रहा है। ग्रामीणों ने छात्रावास की बालिकाओ को प्रतिदिन बस में बैठाकर घर भेजने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया है कि कराहल से शाम को छह बजे जो यात्री बस करियादेह के लिए जाती है,उस बस में पाटौंदा छात्रावास अधीक्षक के द्वारा कुड, लोहरी और कुरकुट गांव की बालिकाओ को बैठाकर घर भेज दिया जाता है और फिर अगले दिन ये बालिकाएं सुबह बस लौटने पर अपने-अपने घरों से करीब 9:30 बजे छात्रावास पहुंचती हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए कहा कि रोजाना बालिकाओ को घर भेजने के दौरान यदि उनके साथ किसी तरह की कोई अनहोनी हो गई तो फिर इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### ओबीसी छात्रावास की अव्यवस्थाएं जल्द नहीं सुधरी तो करेंगे प्रदर्शन



श्योपुर के बायपास रोड क्षेत्र स्थित ओबीसी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में एसैप छात्र संघ ने कई तरह की अव्यवस्थाए होने का आरोप लगाया है और अव्यवस्थाओं में जल्द सुधार न किए जाने की स्थिति आंदोलन करने की चेतावनी दी है। एसैप छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने बताया कि हम छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से मिल रही शिकायतों पर ओबीसी छात्रावास को देखने के लिए पहुंचे थे। जहां हमे विद्यार्थियों ने छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाएं और समस्याए विस्तार से बताई। छात्रावास में लंबे समय से स्थायी अधीक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है, जिसके कारण व्यवस्थाएं पूरी तरह प्रभावित हैं। इसके अलावा शौचालय और बाथरूम की स्थिति बेहद खराब है, जिससे विद्यार्थियों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा छात्रों ने यह भी शिकायत की कि पात्र होने के बावजूद नए विद्यार्थियों को छात्रावास में प्रवेश (एडमिशन) नहीं दिया जा रहा, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों से पढ़ने आने वाले कई छात्र आवास की सुविधा से वंचित हैं। विद्यार्थियों ने मांग की कि प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और पात्र छात्रों को तत्काल प्रवेश दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटे में नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिपरई निरी. ओमप्रकाश मिश्रा द्वारा मात्र 24 घंटे में नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 7 जुलाई को फरियादी द्वारा थाना पिपरई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 13 वर्ष 9 माह आयु की पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है, फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्रमांक 174/2026 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर खोजबीन, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण एवं सतत प्रयास करने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर जिला अशोकनगर क्षेत्र से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया। दस्तयाब बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### ग्राम सिंहपुर चाल्दा जल स्त्रोतों में किया क्लोरिनेशन

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार स्टॉप डायरिया अभियान 01 जुलाई से 30 जुलाई के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड अशोकनगर के मार्गदर्शन में विकासखंड चंदेरी के ग्राम सिंहपुर चाल्दा में समस्त हैंडपंप और कुआं में क्लोरिनेशन किया गया एवं एफटीके द्वारा जल परीक्षण की ट्रेनिंग दी गई। इसमें सहायक यंत्री धर्मांशु दीक्षित, विकासखंड समन्वयक अविनाश गोस्वामी, केमिस्ट शहवाज खान, स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम विशाल यादव, ग्राम के सचिव सनमान यादव,स्कूल के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

### पीएचसी कचनार में जन आरोग्य समिति का गठन किया



**अशोकनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कचनार में आज जन आरोग्य समिति का गठन जनपद पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 10 काजल यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों का परिचय कराया तथा जन आरोग्य समिति की भूमिका, उद्देश्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में इसकी महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कचनार कीर्तिधन यादव, शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रतिनिधि माहोर, डॉ. जितेंद्र बघेल, पीएचसी कचनार के सेक्टर प्रभारी राजेंद्र ठाकुर, एमपीडब्ल्यू मनीष सेन, एएनएम टिर्की सिस्टर, बीएएम मोहन राठौर, सीएचओ अखाई टप्पा, सीएचओ शाहजपुर, सीएचओ तुमेन, सीएचओ भादौन, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अध्यक्षता कर रही काजल यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र की जनता को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जन आरोग्य समिति स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान एवं जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं पूर्व सरपंच कृष्णभान यादव ने स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मिलकर कार्य करेंगे।

## ग्वालियर उच्च न्यायालय से स्टे मिलने पर शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय का संविलियन रुका

# शहर के तीन विद्यालयों को सांदीपनी विद्यालय में मर्ज कर बंद करने पर रोक लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के जिला संयोजक देवेंद्र विजौरे ने बयान जारी कर कहा कि अशोकनगर के तीन सरकारी स्कूलों जिसमें शा.प्राथमिक विद्यालय क्र.2, शा.माध्यमिक विद्यालय मोहरी राय और शा.माध्यमिक विद्यालय क्र.2 को सांदीपनी विद्यालय(सीएम राइज) में मर्ज कर बंद करने पर रोक लगा दी गई है, वह यथावत जारी रहेंगे।

### स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के लगातार प्रयास

यह छात्रों, अभिभावकों,शहर के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजनता के सम्मिलित आंदोलन की जीत है। जब से शहर के 14 प्रमुख सरकारी स्कूलों को सांदीपनी विद्यालय में मर्ज कर बंद करने की सूची शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई थी तभी से स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में लगातार, ज्ञापन, धरना प्रदर्शन,रैली निकालकर रोक लगाने की मांग की जा रही थी। समिति द्वारा प्रदेश के 94 हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने की सरकार की साजिश के खिलाफ प्रदेश के सभी जिलों में आंदोलन चलाया जा रहा है। हाल ही में अशोकनगर में 30 जून को भी पछाड़ी खेड़ा चैराहा पर धरना प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। इसके पहले,मुख्यमंत्री, सांसद,कलेक्टर और विधायक को भी ज्ञापन सौंपे गए हैं। जिनमें लगातार सैंकड़ों की संख्या में छात्र, अभिभावक, कई सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए हैं।




**मर्ज करने पर रोक लगने पर शहरवासियों में खुशी का माहौल**

तीन विद्यालयों को मर्ज करने पर रोक लगाना लंबे समय से संघर्ष कर रहे सभी छात्रों,अभिभावकों,सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजनता की सामूहिक जीत है इसके लिए हम सभी को क्रांतिकारी बधाई देते हैं। जिले के सभी मीडिया कर्मियों को जिन्होंने इस मुद्दे को लेकर चल रहे आंदोलन की खबरों को लगाया वह सभी भी बधाई के पात्र है। स्कूल बचाने की लड़ाई शिक्षा ,संस्कृति,मानवता को बचाने की लड़ाई है। हम सभी से यह अनुरोध करते हैं कि अन्य स्कूलों को बंद करने पर रोक लगाने और पानी की टंकी के सामने स्थित स्कूल की भूमि पर शा. कन्या उत्कृष्ट मा.विद्यालय के नवीन भवन की मांग और अन्य शैक्षणिक समस्याओं को लेकर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। ग्वालियर उच्च न्यायालय से स्टे मिलने पर शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय का संविलियन रुका। शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालियर उच्च न्यायालय द्वारा डब्ल्यू.पी. क्रमांक 22675/2026 में अंतरिम स्थगन आदेश दिए जाने के बाद शासकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय, अशोकनगर का संदीपनी विद्यालय में प्रस्तावित संविलियन फिलहाल प्रभावी नहीं होगा।

### यह विद्यालय अशोकनगर की ऐतिहासिक धरोहर है

उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद शासकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय, अशोकनगर पूर्ववत अपने वर्तमान परिसर में संचालित होगा तथा कक्षा 6 से 8 तक की छात्राएं यथावत इसी विद्यालय में अध्ययन करेंगी। धर्मेंद्र अहिरवार ने बताया कि यह विद्यालय अशोकनगर की ऐतिहासिक धरोहर है। इसका इतिहास अंग्रेजों के शासनकाल तथा तत्कालीन सिंधिया ग्वालियर स्टेट के समय से जुड़ा हुआ है। यह प्राचीन एवं ऐतिहासिक भवन वर्षों से बालिका शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में यह एकमात्र शासकीय माध्यमिक विद्यालय है, जहाँ केवल छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जाती है। विशेष रूप से गरीब, दलित, वंचित, शोषित एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं के लिए यह विद्यालय सुरक्षित शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे विद्यालयों का संरक्षण करना समाज और शासन, दोनों की जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि इस ऐतिहासिक बालिका विद्यालय की गरिमा, पहचान और शैक्षणिक व्यवस्था भविष्य में भी सुरक्षित रहेगी, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन में आगे बढ़ सकें। विद्यालय प्रबंध समिति ने जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों जगन्नाथ सिंह रघुवंशी विधायक चंदेरी माननीय नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष जजपाल सिंह जज्जी पूर्व विधायक क्षेत्रीय पार्षद रीतेश जैन, समाजसेवी रंजीत यादव गुरु का भी बालिका शिक्षा के लिए आवश्यक विद्यालय को सांदीपनि विद्यालय में सम्मिलित होने से रोकने के लिए किये गए प्रयासों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## गौसेवकों ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा



**अशोकनगर।** बिजली खम्भों के नजदीक कंरट की बढ़ती धटनाओ से गौवंश की हुई मौत से गौसेवकों में नाराजकी वाहन रैली निकालकर विधुत विभाग वितरण केंद्र पहुंच कर ज्ञापन दिया है। पिछले 3 दिनों से शाढ़ौरा में हो रही बरसात से बिजली पोलों के आसपास कंरट लगने की घटनाएं सामने आ रही है मंगलवार बुधवार की दरम्यानी रात बस स्टैंड के नजदीक विद्युत पोल में कंरट होने से गाय की मौत के बाद गौसेवकों में भारी आक्रोश हैं। मंगलवार को अमोदा रोड पर भी एक नंदी महाराज को कंरट लगा था समय रहते गौसेवकों की हिम्मत से उसे कंरट से दूर कर जान बचाई थी। बुधवार दोपहर 1 बजे नगर के गौसेवकों ने बस स्टैंड से बाइक रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करते हुऐ विधुत वितरण केंद्र पहुंच कर सहायक प्रबंधक नरेंद्र प्रताप को ज्ञापन देकर विधुत पोलों पर कंरट न आये ऐसे प्रबंध करने का अनुरोध करते हुए अधोषित बिजली बंद करने एवं नगर में जर्जर झूलते तारों को व्यवस्थित करने की मांग की है।

## लोधी समाज ने सौंपा ज्ञापन

# सर्वजीत सिंह लोधी की गिरफ्तारी से समाज के लोगों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

अशोकनगर जिले के चंदेरी ब्लॉक में अखिल भारतीय लोधी लोधा महासभा के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य (सागर) सर्वजीत सिंह लोधी की गिरफ्तारी को लेकर लोधी समाज में भारी आक्रोश है। पुलिस प्रशासन द्वारा सर्वजीत सिंह को एक दो साल पुराने मामले में गिरफ्तार किए जाने के विरोध में आज समाज के प्रबुद्ध जनों और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) चंदेरी को एक ज्ञापन सौंपा,ज्ञापन में जल्द रिहाई की मांग

सौंपे गए ज्ञापन में लोधी समाज ने पुलिस और प्रशासन की इस कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि दो साल पुराने मामले को लेकर इस तरह अचानक की गई गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और दुर्भावनापूर्ण प्रतीत होती है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सर्वजीत सिंह लोधी को जल्द से जल्द ससम्मान रिहा किया जाए। समाज ने चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो समाज आगे उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। इस अवसर पर लोधी समाज के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# आचार्य देवमुरारी बापू ने पशुधन मंत्री लखन पटेल को मांग का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

22 जुलाई को अशोकनगर से मुख्यमंत्री से मिलने के लिए संत प्रतिनिधि मंडल भोपाल पहुंचा और 23 जुलाई को प्रेष वार्ता के माध्यम से पांच सूत्रीय मांग वाला ज्ञापन मुख्यमंत्री के आवास पर ओएसडी को सौंपा और एक हफ्ते में संत प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय मांगा। मुख्यमंत्री के तरफ से संतों से मुलाकात नहीं की गई इससे नाराज संत 4 जुलाई को धरने पर बैठ गए एवं 5 जुलाई को एक विशाल संत सभा करने का निर्णय लिया इसके लिए रविंद्र भवन बुक किया गया था।

संतों की नाराजगी को देखते हुए जिसको मुख्यमंत्री मोहन यादव जी नेनिरस्त कर दिया गया। नाराज संतों ने मुख्यमंत्री आवास घेराव करने निर्णय लिया और संत सड़क पर उतर गए संतों की नाराजगी देखते हुए तीन थाने के टी आई क्षेत्र के डीएसपी मौके पर पुलिस बल द्वारा संतो को रोके और निवेदन किया कि आप ज्ञापन हमें दे दें हम मुख्यमंत्री तक पहुंचा देंगे संतों ने ज्ञापन दिया। फिर एक हफ्ते का समय दिया और संतों से यदि मुलाकात नहीं की जाती तो संत समाज हजारों की संख्या में 4 अगस्त के बाद फिर मुख्यमंत्री आवास घेराव का कार्य करेगा। जब तक मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक विरोध जारी रहेगा।




राष्ट्रीय संत सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू की अगवाई में न केवल संत समाज साथ में आया बल्कि 10 सामाजिक संगठनों के प्रवेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए जिसमें सनातन सैना, अखंड रघुवंशी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पुजारी संघ, बाल्मिक समाज, बौद्ध धर्म वाले,नेपाल ग्रुप,भवानी संघ,मुस्लिम समाज एवं साथ में 7 पार्टी के प्रदेश स्तर के नेता गण भी शामिल हुए। आचार्य देवमुरारी बापू ने पशुधन मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए गाय माता के बचाव के लिए पूछा तो जवाब मिला कि लगभग एक जिला में 50 हजार गाए सड़क पर बैठी है इस तरह पूरे प्रदेश में 50 लाख गए सड़क पर बैठी है जिसके लिए हम फिलहाल कुछ नहीं कर सकते लेकिन सरकार की तरफ से सुहावलंबी गौशाला बनाने की शुरुआत हो चुकी है उसी के माध्यम से सड़कों पर बैठी गायों को गौशालाओं में भेजने का कार्य करेंगे।

# प्रदेश पटवारी संवर्ग की लंबित मांगों के लिए निराकरण का ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री आवास पर भेंट कर अपनी उक्त समस्याओ के निराकरण हेतु पटवारी महाधिवेशन का आमंत्रण दिया गया था। जिसे मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकार कर माह नवंबर 2025 का समय देकर दिनांक व समय पृथक से सुनिश्चित कर संगठन को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया था। किंतु संगठन द्वारा लगातार प्रयास के बावजूद भी मुख्यमंत्री कार्यालय से महाधिवेशन हेतु कोई तारीख सुनिश्चित की गई तथा ना ही पटवारियों की वर्षो से लंबित न्यायोचित मांगों का न्यायोचित निराकरण कर आदेश प्रसारित किए गये है। जिससे पटवारी संवर्ग खुद को शोषित एवं उपेक्षित महसूस कर रहा है।

### पटवारी संवर्ग की मांग

1 कैडर रिव्यू लागू एवं पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान रू- पटवारी संवर्ग की विगत कई वर्षों से लंबित वेतनमान विसंगति को दूर करने के लिए शासन द्वारा तैयार कैडर रिव्यू का प्रस्ताव जो शासन स्तर पर ही लंबित है। उसे तत्काल लागू किया जाए।

2- पटवारी संवर्ग के लिए विभागीय परीक्षा विगत 25 वर्षों में सिर्फ एक बार वर्ष 2018 के पश्चात आज तक विभागीय परीक्षा आयोजित नहीं हुई है। इसे शीघ्र आयोजित करवाई जावे ।

3 प्रायः यह देखा जा रहा है की वसीयत एवं अन्य राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों में पटवारी केवल प्रतिवेदन करता है। उसके गुण दोष की जांच करना तथा निर्णय कर आदेश प्रसारित करना न्यायालय तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का कार्य है।


4 प्रदेश के विभिन्न जिलों में पटवारी के द्वारा शासन कई कार्यों को स्वयं के व्यय के साथ पूर्ण किया गया है। जिसके मानदेय भुगतान भी कई जिलों में नहीं हुआ है। जैसे स्वामित्व भुगतान, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आयडी केम्प तथा अन्य जिनका भुगतान प्रदेश के समस्त पटवारियों को प्राप्त होना सुनिश्चित किया जावे।

5 मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन है। जिनके पदाधिकारियों को शासन की स्थानांतरण नीति 2026 क्र. 35 अनुसार स्थानांतरण में छूट प्रदान की गई है।

# पुलिस ने वाहन रैली निकालकर नागरिकों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

सायबर जागरूकता वाहन रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने फलैग ऑफ कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से किया, सायबर जागरूकता वाहन रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से राजमाता चैराहा, बायपास रोड, शशीन्द्र राणा चैराहा, नया बस स्टेण्ड, ओवर ब्रिज, सेन तिराहा, एचडीएफसी तिराहा, पुराना बस स्टेण्ड, मिलन तिराहा, गांधी पार्क, स्टेशन रोड, तुलसी पार्क से पुनः स्टेशन रोड, गांधी पार्क, फुट ओवर ब्रिज, शशीन्द्र राणा चैराहा, बायपास रोड, राजमाता चैराहा होते हुये पुलिस अधीक्षक कार्यालय



अशोकनगर पर रैली का समापन किया गया। सायबर जागरूकता वाहन रैली का उद्देश्य नागरिकों को यह अवगत कराना है कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी स्वयं को बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, कूरियर कंपनी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि अथवा सरकारी संस्था का कर्मचारी बताकर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। कई मामलों में फर्जी लिंक भेजकर मोबाइल हैक किए जा रहे हैं, जबकि डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश, पार्ट टाइम जॉब, अपडेट, बिजली बिल, लॉटरी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग एवं फर्जी एपीके फाइल के माध्यम से भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

## पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार की आमजन से अपील...

# असली भारतीय मुद्रा की पहचान करें, नकली नोटों से रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने जिले के समस्त नागरिकों, व्यापारियों, दुकानदारों एवं आमजन से अपील की है कि भारतीय मुद्रा के प्रचलित 100, 200 एवं 500 रूपये के नोटों की सुरक्षा विशेषताओं की जानकारी अवश्य रखें तथा लेन-देन के दौरान नोटों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करें।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर की अपील लेन-देन के दौरान प्रत्येक नोट की सुरक्षा विशेषताओं का अवलोकन अवश्य करें। यदि कोई नोट संदिग्ध प्रतीत हो तो उसे आगे प्रचलन में न लाएं, बल्कि तत्काल निकटतम बैंक अथवा पुलिस को सूचना दें। आपकी सतर्कता ही नकली नोटों के विरुद्ध सबसे प्रभावी सुरक्षा है।










### 100 रुपए के नए नोट की विशेषताएं

अग्रभाग (आगे) नए नोट का आकार 66 एमएमएक्स 142 एमएम है,मूल्यवर्ग अंक 100 की छिपी हुई प्रतिमा। मूल्यवर्ग अंक १०० देवनागरी में,रंग बदलने वाला सुरक्षा धागा, जिस पर भारत और त्ठप् अंकित है. नोट तिरछा करने पर सुरक्षा धागे का हरा रंग नीले रंग में बदल जाता है। गारंटी खंड, गवर्नर के हस्ताक्षर सहित वचन खंड और महात्मा गांधी के चित्र के दायीं ओर भारतीय रिजर्व बैंक का प्रतीक। महात्मा गांधी की प्रतिमा और इलेक्ट्रोटाइप (100) वाटरमार्क। संख्या पैनलों में आरोही फॉन्ट के अंक ऊपर बायीं तरफ तथा नीचे दायीं तरफ अशोक स्तंभ दायीं तरफ दृष्टिबाधित लोगों के लिए कुछ विशेषताएं-इंटेग्लियो या महात्मा गांधी का उभरा हुआ चित्र, अशोक स्तंभ प्रतीक, त्रिकोणीय पहचान चिन्ह के साथ दायीं तरफ सूक्ष्म अक्षर में 100 अंकित, चैकोणीय ब्लीड रेखाएं बायीं और दायीं तरफ पृष्ठभाग पीछे नोट में मुद्रण वर्ष बायीं तरफ,स्लोगन सहित स्वच्छ भारत लोगो,भाषा पैनल, रानी की वाव का रूपांक,मूल्यवर्ग अंक १०० देवनागरी में अंकित है।

अग्रभाग आगे नए नोट का आकार 66 एमएमएक्स 146 एमएम है, मूल्यवर्ग अंक 200 की छिपी हुई प्रतिमा। मूल्यवर्ग अंक २०० देवनागरी में हैं, रंग बदलने वाला सुरक्षा धागा, जिस पर श्भारतश और त्ठप् अंकित है. नोट तिरछा करने पर सुरक्षा धागे का हरा रंग नीले रंग में बदल जाता है। महात्मा गांधी की प्रतिमा और इलेक्ट्रोटाइप 200 वाटरमार्क। संख्या पैनलों में आरोही फॉन्ट के अंक ऊपर बायीं तरफ तथा नीचे दायीं तरफ, अशोक स्तंभ दायीं तरफ। दृष्टिबाधित लोगों के लिए कुछ विशेषताएं-इंटेग्लियो या महात्मा गांधी का उभरा हुआ चित्र, अशोक स्तंभ प्रतीक, पहचान चिन्ह के साथ दायीं तरफ सूक्ष्म अक्षर में 200 अंकित, बार्थी और दायीं तरफ की रेखाओं के बीच दो वृत्त के साथ चैकोणीय ब्लीड रेखाएं। पृष्ठभाग (पीछे),नोट में मुद्रण वर्ष बायीं तरफ,स्लोगन सहित स्वच्छ भारत लोगो। भाषा पैनल,सांची स्तूप का रूपांकन,मूल्यवर्ग अंक २०० देवनागरी में अंकित है।

### 500 रुपए के नए नोट की विशेषताएं

अग्रभाग (आगे),नए नोट का आकार 66 एमएमएक्स 150 एमएम है,मूल्यवर्ग अंक 500 की छिपी हुई प्रतिमा। मूल्यवर्ग अंक ५०० देवनागरी में रंग बदलने वाला सुरक्षा धागा, जिस पर भारत और आरबीआई अंकित है. नोट तिरछा करने पर सुरक्षा धागे का हरा रंग नीले रंग में बदल जाता है। महात्मा गांधी की प्रतिमा और इलेक्ट्रोटाइप 500 वाटरमार्क संख्या पैनलों में आरोही फॉन्ट के अंक ऊपर बायीं तरफ तथा नीचे दायीं तरफ,अशोक स्तंभ दायीं तरफ। दृष्टिबाधित लोगों के लिए कुछ विशेषताएं- इंटेग्लियो या महात्मा गांधी का उभरा हुआ। चित्र, अशोक स्तंभ प्रतीक, पहचान चिन्ह के साथ दायीं तरफ सूक्ष्म अक्षर में 500 अंकित, बार्थी और दायीं तरफ की रेखाओं के बीच दो वृत्त के साथ चैकोणीय ब्लीड रेखाएं। पृष्ठभाग पीछे नोट में मुद्रण वर्ष बायीं तरफ,स्लोगन सहित स्वच्छ भारत लोगो,भाषा पैनल। लाल किला भारतीय झंडे के साथ विरासत स्थल की एक तस्वीर है, मूल्यवर्ग अंक 500 देवनागरी में अंकित है।